गंगा नदी के किनारे पर बसे ग्रामों को बाढ़ों और गंगा नदी के कटाव से बचाने के लिए योजना

3881. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गंगा नदी के किनारे पर बसे ग्रामों और विशेषतया बिहार के दियारा क्षेत्र के लिए भागलपुर और मुंगेर जिले के ग्रामीणों को बाढ़ों और कटाव से बचाने के लिए कोई योजना बनाई गई है, और

(ख) यदि हाँ, तो उसकी मोटी रूपरेखा क्या है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख) बिहार सरकार ने मुंगेर जिले में बाढ़ों और भूमि-कटाव से दियारा और अन्य क्षेत्र के बचाव के लिए नीचे लिखी स्कीमें तैयार की हैं

(1) गंगा के दाहिने किनारे पर बिन्दा दियारा के विकास के लिए एक पाइलट स्कीम जिसमें 25 लाख रुपये की अनुमानित लागत से सिंचाई और पेय-जल की सप्लाई के लिए ऊंचे किए गए चबूतरों और नलकूपों का निर्माण और घरेलू और अन्य प्रयोजनों के लिए विद्युत् सप्लाई की व्यवस्था परिकल्पित है ।

(2) गंगा के दाहिने किनारे पर मान्सी क्षेत्र के बचाव के लिए 5 ठोकरों की मरम्मत और उन्हें मजबूत करने की 22.6 लाख रुपये की लागत की एक स्कीम ।

(3) गंगा के दाहिने किनारे पर मान्सी क्षेत्र में भूमि कटाव से बचाव के लिए 4 मौजूदा ठोकरों को मजबूत करने और एक नयी ठोकर के निर्माण के लिए 43 लाख रुपये की लागत की एक स्कीम ।

ऊपर की स्कीम (1) और (3) का कार्यान्वयन राज्य सरकार के विचाराधीन है । स्कीम (2) का कार्यान्वयन किया जा रहा है और इसके 1972 की बाढ़ों से पूर्व पूर्ण हो जाने की संभावना है ।

भागलपुर जिले में क्षेत्रों के लिए अभी तक कोई स्कीम तैयार नहीं की गई है ।

बरौनी से कटिहार लाइन (पूर्वोत्तर रेलवे) को बड़ी लाइन में बदलना

3882. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे में बरौनी से कटिहार तक की मीटर गेज लाइन को भी मीटर गेज लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलने की योजना में शामिल किया गया है, और

(ख) यदि हाँ, तो यह कार्य कब तक आरम्भ हो जायगा ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) और (ख). बाराबंकी-समस्तीपुर (बरौनी) मीटर लाइन खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने के काम को मंजूरी मिल गयी है और इसे 1972-73 के बजट में शामिल कर लिया गया है । बरौनी-कटिहार मीटर गेज खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने के कार्यक्रम पर कभी बाद में विचार किया जायगा ।

भागलपुर और महादेवपुर घाट (पूर्वोत्तर रेलवे) के बीच मालवाहक जहाज सेवा का बन्द होना

3883. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे में भागलपुर स्टेशन पर माल की बुकिंग बन्द कर दी गई है और माल-डिब्बों के परिवहन के लिए मालवाहक जहाज की भागलपुर और महादेवपुर घाट के बीच सेवा बन्द कर दी गई,